तापमान

अधिकतम 25.7 डिग्री
न्यूनतम 5.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025



12 निगम चुनावः एडहॉक कमेटी को लेकर डीसी-नगर...






12 विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही




## कर्मयोगी चौधरी मित्रसेन आर्य की 95वीं जयंती पर हरिभूमि कुरुक्षेत्र कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

# सादगी के साथ-साथ ईमानदारी की भी मिसाल थे चौधरी मित्रसेन आर्य : आरडी गोयल



कुरुक्षेत्र। सुप्रसिद्ध आर्य समाजी रहे चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते गणमान्य लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

सुप्रसिद्ध आर्य समाजी रहे चौ. मित्रसेन आर्य की 95वी जयंती अत्याधिक धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला कार्यालय में अनेक गणमान्य नागरिकों ने चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प मालाएं अर्पित कर उन्हें नमन किया।

नमन करने वालों में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य आरडी गोयल, गुलशन गुलाटी, राकेश गाबा, राधा कृष्ण अरोड़ा, सुधीर कुमार, मनमोहन सिंह व तरुण वधवा शामिल रहे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य आरडी गोयल ने कहा कि गरीब परिवार में जन्में चौ. मित्रसेन आर्य के जीवन से हमें

### चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

सीख लेनी चाहिए ताकि हम भी मित्रसेन आर्य की तरह ईमानदारी से मेहनत करते हुए अत्यंत उच्च मुकाम तक पहुंच सके। चौ. मित्रसेन आर्य सादगी के साथ-साथ ईमानदारी की भी एक बहुत बड़ी मिसाल थे। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर एक सफल उद्योगपति का दर्जा भी प्राप्त किया। उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर वर्ष 1965 में उड़ीसा प्रांत के जिला क्योंझर में सिंधु इंजीनियरिंग वर्कस के नाम से एक बहुत बड़ा कारखाना लगाकर अन्य लोगों को मेहनत करना भी सिखाया। चौ. मित्रसेन आर्य ने सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़चढ़कर समाजसेवा की। वे व्यवहारिक जीवन से जुड़े हुए व्यक्ति थे। वे वर्ष 1957 में चौ. मित्रसेन आर्य समाज की अध्यक्षता में हिन्दी आर्य सत्याग्रह आंदोलन करते हुए अन्य सत्याग्रहियों के साथ जेल भी गए। गुलशन गुलाटी व राकेश गाबा ने बताया कि चौ. मित्रसेन आर्य ने गुरुकुल में निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलाने में अहम योगदान दिया। चौ. मित्रसेन ने अपनी उदारवादिता से न जाने कितने गुरुकुल, शिक्षण संस्थानस, न्यास, गऊशालाएं, कन्या छात्रावास, योग के प्राकृतिक चिकित्सालय व अनाथालयों की स्थापना कर इस प्रदेश व देश के गरीब बच्चों व अन्य लोगों को शिक्षित करने के साथ-साथ समाजसेवा के नए-नए गुर सीखाएं।

### निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलाने में दिया अहम योगदान

समाजसेवी सुधीर कुमार व राधा कृष्ण अरोड़ा ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी चौ. मित्रसेन आर्य के जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने गुरुकुल में निर्धन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलाने में अहम योगदान दिया। चौ. मित्रसेन ने अपनी उदारवादिता से न जाने कितने गुरुकुल, शिक्षण संस्थानस, न्यास, गऊशालाएं, कन्या छात्रावास, योग के प्राकृतिक चिकित्सालय व अनाथालयों की स्थापना कर इस प्रदेश व देश के गरीब बच्चों व अन्य लोगों को शिक्षित करने के साथ-साथ समाजसेवा के नए-नए गुर सीखाएं।

## खबर संक्षेप

### बराड़ा क्षेत्र में हेरोइन सहित तस्कर पकड़ा

**अंबाला** । थाना बराड़ा क्षेत्र के बस अड्डा गांव जलूबी से नशा तस्करी मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी साहिन जमाल को 15 ग्राम 14 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-नारायणगढ़ को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरांत पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों को काबू किया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर पर उससे 15 ग्राम 14 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### पानीपत में चोर से तीन मोटरसाइकिलें बरामद

**पानीपत**। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने रविवार शाम को काला आंबा मोड़ पर बाइक चोरी करने वाले शातिर चोर खालिद पुत्र राफा निवासी विद्यानंद कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई तीन बाइक बरामद की है। वहीं, बाइक चोरी की वारदात बारे थाना तहसील कैंप में भगत नगर तहसील कैंप निवासी रमेश चंद्र पुत्र जगदीश की शिकायत पर केस दर्ज है।



### बिजली का करंट लगने से युवती की मौत

पानीपत। पानीपत के गांव नौल्था में फ्रिज साफ करते समय बिजली का करंट लगने से 24 वर्षीय युवती नीलम पुत्री प्रदीप की मौत हो गई। वहीं, नीलम घर की साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान उसने घर में रखे फ्रिज को साफ करना शुरू किया। फ्रिज खोलकर अंदर सफाई करते ही उसे अचानक बिजली का तेज करंट लगा और वह अचेत हो गई। परिजनों ने तुरंत नीलम को एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पानीपत के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां 14 दिसंबर की शाम इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कुरुक्षेत्र विवि का शानदार प्रदर्शन

## 232 विश्वविद्यालयों के बीच प्राप्त किया 13वां स्थान, 17 पदक जीत बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर की 232 विश्वविद्यालयों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 13वाँ स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। इस शानदार प्रदर्शन पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु नई योजनाएँ लागू करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी तथा उनकी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों में निरंतर वृद्धि होगी। खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में इस वर्ष कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सहभागिता अत्यंत सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक रही।

**कुलपति प्रो. सोमनाथ ने विजेताओं को दी बधाई**



कुरुक्षेत्र। पदक प्राप्त करता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### विवि के 126 खिलाड़ियों ने भाग लिया

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 126 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से 75 खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पधार्ओं में सहभागिता की, जबकि वॉलीबॉल (पुरुष एवं महिला), बास्केटबॉल (महिला) एवं कबड्डी (महिला) टीमों ने टीम स्पधार्ओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि देशभर के 4448 खिलाड़ियों द्वारा 23 खेलों में हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक (3 स्वर्ण, 7 रजत एवं 7 कांस्य) अर्जित किए। उल्लेखनीय है कि पिछले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में विश्वविद्यालय ने 14वाँ स्थान प्राप्त किया था, जबकि इस वर्ष एक स्थान की छलांग लगाते हुए 13वाँ स्थान हासिल किया गया, जो विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति को दशार्ता है।

- *यूनिवर्सिटी के दल का नेतृत्व यूनिवर्सिटी कंटीजेंट मैनेजर एवं अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने किया*
- *उनके साथ विभिन्न खेलों के 25 प्रशिक्षक खिलाड़ियों के साथ भेजे गए*

### पूरे दल के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

यूनिवर्सिटी की ओर से पूरे दल का नेतृत्व यूनिवर्सिटी कंटीजेंट मैनेजर एवं अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने किया। उनके साथ विभिन्न खेलों के 25 अनुभवी प्रशिक्षक भी खिलाड़ियों के साथ भेजे गए, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि खिलाड़ियों को उचित दिशा-निर्देशन, सकारात्मक खेल-शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ, तो वे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दे सकते हैं। इस वर्ष की सफलता ने यह विश्वास और मजबूत किया है कि आने वाले समय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के शीर्ष पांच प्रदर्शनकारी विश्वविद्यालयों में अपना स्थान सुनिश्चित कर सकता है।

### चोरी की तीन बाइक व एक एक्टिवा बरामद

## बाइक चोरी कर स्नेचिंग करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम ने बाइक चोरी करके स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने के गिरोह का पदार्फाश किया है। टीम ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की तीन बाइक व एक एक्टिवा बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने स्नेचिंग की चार वारदातों का खुलासा किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिला यमुनानगर में हो रही मोटरसाईकिल चोरी एंव स्नेचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिये जिला पुलिस को सख्त दिशा निर्देश दिये हैं। जिसमें कार्रवाई करते हुये जिला अपराध अन्वेषण शाखा के प्रभारी राज कुमार ने एएसआई आजाद सिंह, मुख्य सिपाही मनीष

### स्नेचिंग की चार वारदातों का किया खुलासा

कुमार, कुलदीप सिंह, बृजपाल, विजय की टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए रविवार को चोरी की मोटरसाईकिल सहित तीन स्नैचरों को काबू किया है। जिनकी पहचान गांव सबलपुर माजरी निवासी अर्जुन, गांव जमालपुर निवासी अंकित तथा गांव कलावड निवासी तिलक उर्फ शैकीं के रूप में हुई है। इस गिरोह से अभी तक चोरी की तीन मोटरसाईकिल व एक स्कूटी बरामद हो चुकी है। पूछताछ में आरोपियों ने बतलाया कि ये पहले मिलकर मोटरसाईकिल चोरी करते है और फिर उसी मोटरसाईकिल पर सवार होकर छीना-छपटी की वारदातों को अजांम देते हैं। गिरोह ने अभी तक चार स्नैचिंग की वारदात करनी कबूल की हैं। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

## अंबाला में सफाई कर्मचारी से 14 लाख की धोखाधड़ी

**अंबाला**। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी को ब्याज पर पैसे देकर 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन आरोपियों ने ब्याज पर पैसे देने के बाद एटीएम ले लिया। पैसे पूरे होने के बाद भी निकालते रहे। पड़ाव थाना पुलिस ने आरोपी साहिल, दीपक व बाबू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।पड़ाव थाना पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार ने बताया कि वह नगर परिषद अंबाला कैंट में बतौर सफाई कर्मचारी कार्यरत है। साहिल व दीपक भी नगर परिषद में कर्मचारी हैं जो उपरोक्त साहिल, दीपक व बाबू तीनों से बिना लाइसेंस के ब्याज पर पैसा देने का कार्य करते हैं। फरवरी 2015 में बाबू ने कहा कि वह दीपक व साहिल के साथ मिलकर ब्याज पर पैसे देने का काम करते हैं। उसने दीपक व साहिल के जरिए किसी से सिफारिश करवाकर सरकार से इस बारे में लाइसेंस भी ले लिया है। यह भी कहा कि सरकार की नीतियों के अनुसार बहुत कम ब्याज पर पैसे उधार देगा। 2015 फरवरी में उसे पैसे की आवश्यकता थी तो 50 हजार रुपये उधार लिए। जब बाबू ने उसे 2 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज देने की बात की। इसके साथ ही उसका एटीएम ले लिया और कहा कि उसके खाते से 5 हजार रुपये निकाल लेगा। पैसा पूरा देने पर वह उसका एटीएम वापस कर देगा।

### पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस

## वर्क परमिट के नाम पर हड़पे पांच लाख रुपये

**यमुनानगर**। विदेश भेजने का झांसा देकर गांव साबापुर निवासी दिपांशु से पांच लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप जिला कुरुक्षेत्र के लाडवा निवासी प्रमोद कुमार कंबोज पर लगा है। पुलिस को दी शिकायत में गांव साबापुर निवासी दिपांशु ने बताया कि वह वकालत की पढ़ाई कर रहा है और ऑस्ट्रेलिया जाना चाहता था। जुलाई 2023 में उसकी मुलाकात जगाधरी में प्रमोद कुमार कंबोज से हुई। आरोपी ने खुद को कान्हा कंसल्टेंसी का मालिक बताते हुए वर्क परमिट पर ऑस्ट्रेलिया भेजने की बात कही और 15 लाख की मांग की। आरोपी ने पहले पांच लाख लेने और तीन महीने में वीजा लगवाने का भरोसा दिया। 15 अगस्त 2023 को उसने और उसके पिता ने दो लाख नकद और तीन लाख बैंक के जरिए दिए। आरोपी वीजा लगवाने के नाम पर टालमटोल करता रहा। जब दिपांशु ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने दस्तावेज लौटा दिए, रुपये देने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। छह अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी। थाना सदर यमुनानगर में आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने साखी वाचन के लिए हिमांशी को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र**। प्रदेश सरकार की तरफ से वीर बाल दिवस के उपलक्ष में साखी वाचन के लिए प्रदेश की 3 छात्राओं को मुख्यमंत्री आवास पर आमंत्रित किया गया। यहां पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजकीय गर्ल्स सीनियर सैंकडरी स्कूल पिहोवा की छात्रा हिमांशी को सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि वीर बाल दिवस को लेकर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार साखी वाचन और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षा विभाग की तरफ से किया जा रहा है। इस जिले में राजकीय स्कूल पिहोवा की हिमांशी को 12 दिसंबर 2025 को सीएम आवास चंडीगढ पर आमंत्रित किया गया। इस छात्रा के साथ-साथ अंबाला और पंचकुला से भी छात्राओं को बुलाया गया। इनमें से 3 छात्राओं का चयन फाइनल के लिए



हुआ। उन्होंने कहा कि साखी वाचन में राजकीय स्कूल की छात्रा शिवानी ने मुख्यमंत्री के समक्ष साक्षी का वाचन किया। सभी ने साखी वाचन की प्रशंसा की है। इस छात्रा को पीजीटी शिक्षिका स्वेता शर्मा और बीईओ रमेश कुमार ने साखी वाचन के लिए तैयार किया है।

### शहजादपुर में कार सवारों ने जमकर मचाया उत्पात

## बनौंदी टोल प्लाजा पर कर्मचारियों से मारपीट कर 1.80 लाख रुपये लूटे

**शहजादपुर**। बदमाशों ने बनौंदी के टोल प्लाजा पर जमकर लूट मचाई। टोल काटने को लेकर पहले कर्मियों से मारपीट की। फिर 1.80 लाख लूट कर ले गए। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बनौंदी के टोल प्लाजा पर रविवार रात एक बजे बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। हथियारों से लैस दो कार सवार बदमाशों ने पहले टोल काटने को लेकर कर्मचारियों से मारपीट की और फिर टोल प्लाजा में रखे 3 सैंसर, कमरे के शीशे, फर्नीचर, कंप्यूटर व अन्य सामान तोड़ दिया। टोल संचालक का आरोप है कि बदमाश जाते हुए टोल से 1.80 लाख नकदी भी लूटकर भाग गए। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। लूटपाट में करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### आरोपियों को जल्द काबू करेंगेः शहजादपुर थाना प्रभारी

पुलिस ने टोल संचालक पानीपत के देवेंद्र सिंह की शिकायत पर हमलावर नारायणगढ़ के अंकुश, आकाश, हैप्पी सैनी पर लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के एक्ट व बीएनएस में दंगा करने की धारा 191(3) व मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। देवेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह और संजीव कुमार दोनों संचालक हैं। रात एक बजे कर्मचारी हर रोज की तरह ड्यूटी बनौंदी टोल प्लाजा पर थे। अचानक दो से तीन गाड़ियां भरकर कुछ लोग टोल पपर आ गए। जब कर्मचारी ने टोल फीस मांगी तो बहस करने लगे। देखते ही कार से हथियारों से लैस युवक कर्मचारी से मारपीट करने लगते हैं। कर्मचारी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगते हैं तो बदमाश फिर भी पीछा नहीं छोड़ते। पुलिस के मुताबिक जल्द आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा। शहजादपुर थाना प्रभारी अशोक ने बताया कि अभी नकदी लूट के आरोपों की जांच चल रही है। जल्द ही ये आरोप भी साफ हो जाएंगे।

- **सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात**

### कर्मियों ने मानी गई मांगे लागू नहीं करने का जताया विरोध

**हरियाणा परिवहन निगम व प्रदेश सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी**

## यमुनानगर में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने की एक दिवसीय भूख हड़ताल

**यमुनानगर**। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) से जुड़े यमुनागर बस डिपो के कर्मचारियों ने सोमवार को मांगे पूरी नहीं किए जाने के विरोध में एक दिवसीय भूख हड़ताल की। यूनियन के दर्जन भर सदस्यों को फूलमालाएं पहनाकर भूख हड़ताल पर बिठाया गया। मौके पर रोड़वेज कर्मचारियों ने परिवहन विभाग व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष जताया। सोमवार सुबह हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन से जुड़े कर्मचारी प्रधान महिपाल सौदे व सचिव राजेश कांबोज के नेतृत्व में डिपो परिसर में पहुंच गए और धरना पर बैठ गए।

### सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत की गई थी

यूनियन के प्रधान महिपाल सौदे ने कहा कि हरियाणा सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर कि बातचीत की गई थी। जिसमें कई मांगो को मान लिया गया था। मगर अभी तक उन मांगो को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि रोड़वेज कर्मचारियों की भत्तों में बढ़ोतरी की मांग को सरकार द्वारा मान लिया गया था। मगर बढ़ोतरी की बजाए उल्टा 200 रुपये वॉशिंग एलाउंस काट लिया गया है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। प्रधान महिपाल सौदे ने सरकार से नई तबादला नीति को रद्द कर चालक परिचालकों का आपसी स्थानांतरण किए जाने, रोड़वेज कर्मचारियों को अपने गृह जिले में भेजे जाने, सभी रिक्त पड़े पदों को भरे जाने की मांग की।



उन्होंने बताया कि गत 22 मई को परिवहन विभाग के महानिदेशक के साथ हुई बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी उनमें परिचालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, चालक व परिचालकों को एक माह में 30 रात्रि ठहराव के भुगतान की पावर महाप्रबंधकों को दिए जाने, 2004 से पहले लगे चालको को नियुक्ति तिथि से पक्का करने व पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, चालक, परिचालक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों को मिले वाले देय अर्जित अवकाश पूर्व की भांति एक वर्ष में 33 अवकाश देने व कर्मशाला में ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करने और तकनीकी वेतनमान देकर सभी पदों पर पदोन्नति का लाभ देने, 2008 के भर्ती परिचालकों को उपनिरीक्षक के पदों पर पदोन्नति किए जाने समेत अन्य मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। मगर अभी तक उनकी मांगो को पूरा नहीं किया गया है। जिससे रोड़वेज कर्मचारियों में भारी रोष है। यदि परिवहन विभाग ने उनकी मानी हुई मांगे जल्द लागू नहीं की तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर गुलशन भारद्वाज, मांगे राम तिगरा, पपला, सुरिंदर काला, प्रेम प्रकाश, सतीश, राजबीर व मेवा राम आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### स्नैचिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने स्नैचिंग की घटना में शामिल दो आरोपियों अंकुश निवासी नडाना, करनाल तथा बंटी निवासी छतर, खगड़िया (बिहार) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है। शिकायतकर्ता अनिल ने पुलिस को बताया कि वह अपने साले के साथ नडाना रोड के पास काम कर रहा था, तभी पीछे से आए दो युवकों ने छीना-झपटी कर मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर सीआईए-1 टीम ने गुप्त कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू किया। दोनों को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

### शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**करनाल।** शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एचएसवीपी, मार्केट कमेटी, एनएचएआई, एचएसआईआईडीसी और वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जाट धर्मशाला के पीछे, सेक्टर-12 ग्राउंड, सेक्टर-4 व 5, सेक्टर-32 व 33 सहित अन्य क्षेत्रों में नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित किया जाए। मंडी क्षेत्रों में कचरे का पृथक्करण किया जाए और आवारा पशुओं पर नियंत्रण रखा जाए।

### बजीदा जाटान के नजदीक रेलवे ट्रैक पर हादसा, शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी जीआरपी

# जन शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है



*पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसने काले रंग का लोअर तथा काले और सफेद रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बजीदा जाटान के नजदीक रेलवे लाइन पर जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखवा दिया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, जिसको लेकर जीआरपी द्वारा शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

जीआरपी थाना के सब इंस्पेक्टर ऋषि कुमार ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि बजीदा जाटान के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि शव की हालत काफी खराब थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसने काले रंग का लोअर तथा काले और सफेद रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। घटनास्थल के पास हरे और नीले रंग की चप्पल भी पड़ी मिली है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में सूचना भेजकर मृतक की पहचान करवाने के प्रयास तेज कर दिए हैं।



## ओवरलोड रेत से भरा ट्रक ट्रांसफॉर्मर से टकराया, बिजली आपूर्ति ठप

**करनाल।** बगवाड़िया गैस एजेंसी के समीप अलसुबह रेत से भरा एक ओवरलोड ट्रक बेकाबू होकर बिजली के ट्रांसफॉर्मर से टकरा गया। हादसे में बिजली के खंभे टूट गए और ट्रांसफॉर्मर नीचे गिर गया, जिससे आसपास के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई।सूचना मिलने पर पुलिस और बिजली निगम की टीम मौके पर पहुंची। बिजली निगम के कर्मचारियों ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई। इस दुर्घटना में बिजली निगम को लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बिजली निगम के एसडीओ प्रवीन कुमार ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार रेत से भरा ट्रक और ब्रेड सप्लाई करने वाला एक कैंटर एक ही दिशा में जा रहे थे। दोनों वाहनों के बीच आगे निकलने की होड़ लगी हुई थी। इसी दौरान ट्रक चालक ने तेज रफ्तार में ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे बनी दुकानों व बिजली के ढांचे से टकरा गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विधायक ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में सुनी समस्याएं

# अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश



**इंद्री।** हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चहुंमुखी विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है और वर्तमान सरकार का यही प्रयास रहा है कि विकास के मामले में प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रहने दिया जाए। लोगों ने उन्हें हलके की बागडोर इसलिए दी कि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके और मेरा भी दायित्व बनता है कि लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करके लोगों की समस्याओं का समाधान करवा सकूं।

### जनसुनवाई कार्यक्रम में ये आई समस्याएं

जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान शाहपुर निवासी मेमो देवी ने परिवार पहचान पत्र में इनकम ठीक करवाने बारे, गांव नांगल से अजय व सतीश ने पेंशन बारे, इंद्री निवासी फूल कुमार ने आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने बारे, बीबीपुर निवासी दलबीर सिंह ने आवास योजना के तहत ग्रांट उपलब्ध करवाने बारे, इंद्री निवासी बिमला देवी व उमरपुर निवासी जीता राम ने राशन कार्ड बारे, धनौरा सरपंच जगीर सिंह ने विकास कार्यों बारे, गांव चन्द्राव के लोगों ने पानी निकासी बारे सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान बारे विधायक से अनुरोध किया। विधायक ने सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

# सफला एकादशी पर बाबा श्याम के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में सफला एकादशी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर और बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लगी रहीं। एकादशी के उपलक्ष्य में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। संध्या आरती के समय पूरा मंदिर परिसर श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं को सफला एकादशी के धार्मिक महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। पंडित दीपक पांडे ने बताया कि पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को सफला एकादशी कहा जाता है, जो जीवन में सफलता, सुख और उन्नति प्रदान करने वाली मानी जाती है। इस दिन भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा कर भक्त आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक एकादशी पर मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और करनाल सहित दूर-दराज से श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### खेलों से मानसिक सेहत में होता है सुधारः रामकुमार

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने इस्लामनगर क्रिकेट क्लब द्वारा गांव इस्लामनगर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा खिलाडियों को प्रोत्साहित किया। यहां पहुंचने पर क्रिकेट क्लब के पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों ने विधायक का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलने से हमारी शारीरिक और मानसिक सेहत में सुधार होता है, शरीर की शक्ति बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है। हमें पढ़ाई के साथ-साथ नियमित रूप से खेलने के लिये समय निकालना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागी खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करती हैं ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जा सके और अपने खेल कौशल से अपने गांव, शहर व परिवार का नाम रोशन कर सकें।



**इंद्री।** क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

# कैमा वॉरियर्स ने जीता बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट

- करनाल एग्रीकल्चर इम्प्लीमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा अमराव स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल




**करनाल।** बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।

करनाल एग्रीकल्चर इम्प्लीमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की ओर से अमराव स्पोर्ट्स अकादमी में बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ की गई, जिससे खिलाड़ियों में खेल भावना और अनुशासन का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सोम सचदेवा, वरिंद्र कटारिया और राजेश भारद्वाज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र ढल्ल विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रतियोगिता में कैमा चैलेंजर्स, कैमा वॉरियर्स, कैमा हिटर्स और कैमा स्टीलर्स टीमों ने भाग लिया। अंपायर की भूमिका राहुल चांदना और दिनेश सचदेवा ने निभाई, जबकि अनीता गाबा ने मैचों की रोचक कमेंट्री की। कप्तानों के रूप में मंदीप सिंह, उदित शर्मा, मधुर बजाज और क्षितिज ने अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व किया। फाइनल मुकाबले में कैमा वॉरियर्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। कैमा हिटर्स दूसरे और कैमा चैलेंजर्स तीसरे स्थान पर रहे। अतिथियों ने पहले बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर एसोसिएशन को बधाई दी और लोगों से स्वस्थ जीवन के लिए खेलों को अपनाने का आह्वान किया।

### खाटू श्याम मंदिर में भजन-कीर्तन में शामिल हुए श्रद्धालु

**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में राजपूत समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बॉडीबिल्डिंग में देश का नाम रोशन करने वाले युवा खिलाड़ी मुकेश राणा को मिस्टर इंडिया बनने की उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि मुकेश राणा ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल कर न केवल राजपूत समाज बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनके संघर्ष और उपलब्धि से युवाओं को प्रेरणा मिलती है। सम्मान प्राप्त करने के बाद मुकेश राणा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि उनके परिवार, गुरुओं और पूरे समाज की है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल, फिटनेस और अनुशासित जीवनशैली अपनाने की अपील की।



**करनाल।** मिस्टर इंडिया मुकेश राणा को सम्मानित करते समाज के पदाधिकारी।



**करनाल।** कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जानकारी देते अधिकारी।

### मिस्टर इंडिया बने मुकेश राणा सम्मानित

**करनाल।** जिले में 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जिला कार्यक्रम अधिकारी मीना रतन की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत नीलोखेड़ी और करनाल अर्बन ब्लॉक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दो बैच में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और दिव्यांग बच्चों के पोषण विकास, कुपोषण की रोकथाम और बाल शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक तरीकों से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ नीलोखेड़ी संतोष, जिला समन्वयक अंजू बूरा, टीम रॉकेट लर्निंग से दीपिका सहित सुपरवाइजर नेहा, पूनम शर्मा और मन्नू मौजूद रहीं।

### 200 छात्राओं को मिली निःशुल्क सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग

**करनाल।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा द्वारा जैन गर्ल्स स्कूल के प्रांगण में निःशुल्क सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 200 छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाए गए। कैंप का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना, उनमें आत्मविश्वास पैदा करना और शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त करना रहा। छात्राओं को संभावित खतरे की स्थिति में स्वयं की रक्षा करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल, उपप्रधानाचार्या वर्षा, शिक्षिकाएं शकुंतला और आंचल तथा पीटीआई अविनाश मौजूद रहे। सभी ने मास्टर सतीश कुमार राणा और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।



**करनाल।** जैन गर्ल्स स्कूल में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।




**इंद्री।** विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा नियमों की जानकारी देते प्रोफेसर।

### सडक़ सुरक्षा समाज के प्रति जिम्मेदारी हैः डॉ. महेन्द्र

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी इंद्री की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में सडक़ सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बालऋषि एवं डॉ. रीना सैनी के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी ने कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और मित्रों को भी सडक़ सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जागरूक करें। विद्यार्थियों को पांच प्रमुख विषयों पर जानकारी दी गईः पैदल यात्री सुरक्षा, हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, गलत लेन में वाहन न चलाना, असुरक्षित ओवरटेकिंग से बचाव और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की लाइट एवं हॉर्न पर नियंत्रण।

### बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाना अवांछनीय

**करनाल।** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के निर्णय पर ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बीमा कानून (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दिए जाने को कर्मचारी संगठनों ने कॉरपोरेट-परस्त आर्थिक नीति की दिशा में एक और कदम बताया है। नोर्दन जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के करनाल मंडल सचिव नीरज अरोड़ा ने कहा कि बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने को लेकर देशभर में बीमा कर्मचारियों द्वारा लगातार विरोध दर्ज करवाया जा रहा है।

### बैठक के दौरान पार्षदों ने शहर की प्रमुख मांगें विधायक के समक्ष रखी

# नपा तरावड़ी में विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने ली विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी





**तरावड़ी।** विधायक भगवानदास कबीरपंथी का स्वागत करते हुये चेयरमैन, सचिव व पार्षद व विकास कार्यो पर चर्चा व जानकारी लेते हुये विधायक भगवान दास कबीरपंथी।

शहर के विकास कार्यों की जानकारी लेने के लिए हलका विधायक नीलोखेड़ी भगवानदास कबीरपंथी सोमवार को नगर पालिका कार्यालय तरावड़ी पहुंचे। नगर पालिका पहुंचने पर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, नगर पालिका सचिव अजीत कुमार सहित शहर के सभी पार्षदों ने फूल मालाओं से विधायक का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में विधायक ने शहर में चल रहे तथा प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष एवं सचिव से विकास कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और सभी पार्षदों से उनके-अपने वार्डों में होने वाले एवं आवश्यक विकास कार्यों की जानकारी ली। बैठक के दौरान पार्षदों ने शहर की प्रमुख मांगें विधायक के समक्ष रखीं। इनमें मुख्य मांग जीटी रोड टी-प्वाइंट पर स्वागत गेट का निर्माण, लिंक रोड से ओवरब्रिज तक डिवाइडर पर फैंसी लाइट लगाने, काटजू नगर के सामने जोहड़ का सौंदर्यीकरण,लल्याणी रोड पर 6 कनाल में ऑडिटोरियम निर्माण, काटजू नगर के पीछे सार्वजनिक कम्युनिटी सेंटर बनाना तथा नडाना रोड, सौंकड़ा रोड और अंजनथली रोड को स्मार्ट रोड बनाने की मांग प्रमुख रही।

### मांगों पर शीघ्र होगी कार्रवाई

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि शहर में सभी जरूरी विकास कार्य करवाए जाएंगे। जनता और पार्षदों द्वारा रखी गई मांगों पर शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों के विकास कार्यों की सूची सौंपी है, जिन पर गौर कर नगर पालिका के माध्यम से काम शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और सभी शहरों में समान रूप से विकास किया जा रहा है। इस मौके पर पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद आत्म प्रकाश आनंद, पार्षद सुरेन्द्र खुराना, पार्षद कमल जांगड़ा, पार्षद प्रतिनिधि लखविंदर ढिल्लो, पार्षद भारत भारद्वाज जगजीत सिंह सहित नगर पालिका के अन्य पार्षद भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### वाहनों पर रेडियम स्ट्रिप लगाई

**पानीपत।** पानीपत के डाहर टोल प्लाजा पर कर्मचारियों ने बढ़ते कोहरे के मद्देनजर सड़क हादसों की आशंका का कम करते हुए विशेष अभियान चलाते हुए टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों पर रेडियम स्ट्रिप लगाई, ताकि कम दृश्यता में उनकी पहचान आसान हो सके। वहीं, डाहर टोल प्लाजा के मैनेजर बिजेंद्र कुमार ने बताया कि यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मार्गदर्शन में की गई है। इसका उद्देश्य आगामी ठंड के मौसम में शीतलहर और घने कोहरे के कारण होने वाले सड़क हादसों को कम करना है।

### ज्योति अरोड़ा को अवार्ड मिला

**पानीपत।** एक्सीलेंट कंप्यूटर व एडमिशन गाइडनस सेंटर डायरेक्टर ज्योति अरोड़ा को आईकॉनिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान पाइट ग्रुप और आराध्या फाउंडेशन की तरफ से दिया गया। वहीं, ज्योति अरोड़ा ने पाइट ग्रुप व आराध्या फाउंडेशन का आभार जताया।

### पेयजल की लाइन बिछाने का काम शुरू

**पानीपत।** पानीपत के दलवीर नगर वार्ड नंबर आठ में कई वर्षों से पीने के पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम द्वारा नई पानी की पाइप लाइन व सबमर्सीबल का उद्घाटन वार्ड की निगम पार्षद सरोज वर्मा व पूर्व मेयर सुरेश वर्मा ने कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर रामबीर, आत्मा राम, महावीर, कृष्ण पाल, मुनीम गौरव प्रजापत, जितेंद्र, संदीप, भीष्म, बलवान प्रजापत, जोनी, जसबीर, महावीर, मा. सतीश लाल, आत्माराम, परमवीर यादव, पूनम देवी, आशा देवी, किरण देवी, बलराज प्रजापत व पप्पू आदि मौजूद रहे।

### सीएम विंडो शिकायतों की समीक्षा की

**पानीपत।** सीएम विंडो पोर्टल से संबंधित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

### विभिन्न गांवों के सरपंच शिविर में शामिल होंगे

**पानीपत।** पानीपत के निम्बरी स्कूल में लगाए जा रहे विशाल जागरूकता-सह-सेवा शिविर की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा शर्मा ने बताया कि विभिन्न विभागों, एनजीओ और विभिन्न गांव के सरपंच मेगा शिविर में शामिल होंगे। विशाल जागरूकता-सह-सेवा शिविर का उद्देश्य जिले के नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं और जानकारी उपलब्ध करवाना है।

### सीटू ने बैठक की

**पानीपत।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन जिला कमेटी के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें सीटू के राज्य सचिव जिला संयोजक का. सुनील दत्त, नवीन अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल, उप प्रधान दिलावर सिंह, एसए खान, शीशपाल शर्मा, कंवर सिंह, नवीन सपडा, रामकिशन कुंडू, सीताराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अध्यापिकाएं सम्मानित

पानीपत। जैन किड्स स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका सहगल और अध्यापिकाओं मोनिका वर्मा, मोनिका मिगलानी, अलका हंडूजा और रेनू सैनी को आइकॉनिक इन एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

### मंत्री आज करेंगे कष्टों का निवारण

**पानीपत।** मंगलवार 16 दिसंबर को प्रातः 11 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

---

*रिफाइनरी में सुरक्षा का आश्वासन थीम पर सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ*

# संसद आतंकी हमले के शहीदों को नमन किया

- एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। रिफाइनरी में हथियारों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते एमएल डहरिया, आदि। फोटो : हरिभूमि

रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में भारत के संसद पर 13 दिसंबर, सन 2001 को हुए हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की अदम्य वीरता को स्मरण करते हुए सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। इस वर्ष के सुरक्षा सप्ताह की थीम है 'सुरक्षा का आश्वासन'। वहीं, एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई, पीआरपीसी की परिसंपत्तियों और प्रतिष्ठानों को विध्वंसक गतिविधियों से सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए सभी से पीआरपीसी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने सुरक्षा उल्लंघनों के प्रति शून्य-सहनशीलता की नीति अपनाने और एक सहभागी एवं सहयोगात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। डहरिया ने पीआरपीसी की सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एआई-आधारित सीसीटीवी निगरानी एवं स्मार्ट अलार्म प्रबंधन प्रणालियों जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाने के महत्व को भी रेखांकित किया। जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख द्वारा सुरक्षा पोस्टरों का अनावरण किया गया तथा आधुनिक उपकरण, गोला-बारूद एवं उन्नत सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। सीआईएसएफ इकाई ने अपने प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड द्वारा लाइव विस्फोटक पहचान अभ्यास का प्रदर्शन कर अपनी तत्परता का परिचय दिया। कार्यक्रम का समापन ओम प्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा धन्यवाद से हुआ।

---

# जन शिकायतों का त्वरित हल होगा



पानीपत। जन सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया आदि अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को समाधान शिविर में दर्ज शिकायतों पर जन सुनवाई के दौरान उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में दर्ज प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त डॉ. दहिया ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही, टालमटोल या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जन शिकायतों का त्वरित हल होगा। डॉ. दहिया ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं को समाधान की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निष्पादन किया जाए। वहीं, शिविर में सोमवार को विभिन्न विभागों से संबंधित 29 शिकायतों दर्ज हुई। इनके संबंधी अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

---

## राहुल ने नेपाल तक साइकिल यात्रा कर सनातन ध्वज लहराया



**समालखा।** श्याम बाबा मंदिर चुलकाना से डेढ साल पहले साइकिल से राहुल गाहल्याण ने यात्रा शुरू कर भारत नेपाल के मंदिरों की यात्रा की। जिसमें भारत के 4 धाम और 12 ज्योतिर्लिंग, राम मंदिर के साथ-साथ में रास्ते में आने वाले बहुत से शक्ति पीठ मंदिरों के दर्शन किए। नेपाल के भी प्रमुख मंदिरों में ये साइकिल यात्रा पहुंची। समस्त हिन्दू समाज, बांके बिहारी गो उपचार समिति चुलकाना धाम, व डिकाडला आदर्श ग्राम विकास समिति द्वारा इस यात्रा का समापन कार्यक्रम श्री श्याम मंदिर के दर्शन कर लकीसर बाबा के मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें राहुल गाहल्याण द्वारा की गयी। इस साइकिल यात्रा का स्वागत कर इस यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर चुलकाना गऊ उपचार समिति से गौभक्त गुलशन सरोहा, मनीष पुजारी, प्रवीण छौक्कर, मंजीत छौक्कर, डिकाडला समिति प्रधान रोहित डिकाडला, चरण सिंह, सागर गाहल्याण, लोकेश गाहल्याण, अभिषेक, मोहित देशवाल, संदीप, राहुल शर्मा व सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

---

# शहर में रैली निकालकर पर्यावरण व स्वच्छता के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। में जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी व रेडक्रॉस के पदाधिकारी, आदि।

जिला स्तरीय पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में सोमवार को 16 विद्यालयों के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सचिव गौरव रामकरण की देखरेख में किया गया। वहीं, शिविर में विद्यार्थियों को समाजसेवा, आपदा प्रबंधन, रक्तदान, डिजिटल फ्रॉड से बचाव, पौधरोपण और एचआईवी से सावधानी, रक्तदान जैसे विषयों पर जागरूक किया गया व रैली निकाली गई। इधर, रैली ने प्रोजेक्ट मैनेजर सुदेश ने एक अहम संदेश दिया। एचआईवी से बचाव और जागरूकता जीवन रक्षा है। एचआईवी हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है और असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुइयों या रक्त के संपर्क से फैलता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग धरती पर परमात्मा का दूसरा रूप हैं और उनका सम्मान करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। डॉ. सोनू सिंह, निदेशक आरसीआईटी ने बच्चों को स्किल डेवलपमेंट और व्यक्तित्व विकास पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य विनोद सिंगला, जेआरसी काउंसलर नीरज सैनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### कोली समाज के अध्यक्ष बने मनोज

**पानीपत।** अखिल भारतीय कोली शाखा, राकेश नगर पानीपत प्रंगाण में कोली समाज सम्मेलन का आयोजन हुआ। वही, हरियाणा प्रदेश जगदीश ने सर्व सहमति से देशराज को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व देवेंद्र कोरी को जिला अध्यक्ष, मनोज को कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त किया।

बनवारी लाल, सतीश कोहली विजेन्द्र कोली विश्वास को जिला उपाध्यक्ष, राजकुमार जिला संयोजक पूनम कोली को महिला विंग जिला अध्यक्ष, भारत को युवा विंग अध्यक्ष, चेतन कोली को महासचिव अनिल को सचिव व बिट्टू कोली को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। लाखन, रामवीर, विनोद रूपचंद अनिल आदि सम्मानित साथी व समाज के सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे।

---

# इंसान को तनाव मुक्त कर देता है मेडिटेशन : कुसुम

*प्रतिभागियों ने गहन साधना और ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का गहरा अनुभव प्राप्त किया*

- कोर्स के आयोजन में कुसुम धीमान, दीपक सिंघल, पूजा सिंघल की महत्वपूर्ण भूमिका रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्ट ऑफ लिविंग के कैंप में भाग लेते हुए साधक। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के माडल टाउन स्थित आर्ट आफ लिविंग सेंटर में एडवांस मेडिटेशन कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने गहन साधना और ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का गहरा अनुभव प्राप्त किया। इस कोर्स का मार्गदर्शन आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक सुरेंद्र गोयल द्वारा किया गया। कोर्स के आयोजन में कुसुम धीमान, दीपक सिंघल, पूजा सिंघल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतिदिन प्रातःकाल प्रतिभागियों को मॉर्निंग साधना का सत्र गौतम सेतीया व दीपक सिंघल द्वारा कराया गया। श्वास तकनीक, ध्यान और आंतरिक स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया गया। कोर्स के दौरान कुसुम धीमान और दीपक सिंघल ने कोर्स असिस्टेंट के रूप में सहयोग देकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतिभागियों ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कोर्स ने उनके भीतर शांति, ऊर्जा, एकाग्रता और जीवन के प्रति नई सकारात्मकता का संचार किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट आफ लिविंग के टीचर्स अम्बिका अत्रि, विजय अग्रवाल, गीता गोयल, पूजा सिंघल, अनीता खुराना का सराहनीय योगदान रहा।

---

*आशियाना में 30 पुरुष एवं 26 महिलाएं निवास कर रहे*

# दिव्यांगों व वृद्धों को सहायर्थात चादरें और जर्सी भेंट की




पानीपत। महिला कल्याण समिति की पदाधिकारी सामान भेंट करते हुए।

**पानीपत।** महिला कल्याण समिति की सदस्यों जन सेवा दल द्वारा संचालित वृद्धाश्रम अपना आशियाना मॉडल टाउन में वहां निवास कर रहें सदस्यों से मिलने पहुंची। यहां पर उन्होंने वृद्धाश्रम में 60 चादरें, 56 सदस्यों के लिए जर्सियां एवं राशन का सामान प्रदान किया गया। बता दें कि इस समय आशियाना में 30 पुरूष एवं 26 महिलाएं निवास कर रहें है। महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष निर्मल दत्त ने कहा कि बुजुर्गों से मिलकर अच्छा लगा परन्तु मन बहुत ही विचलित हुआ कि उनमें से कईयों को किस तरह से अपने ही परिवार के लोगों ने उनको असहाय छोड़ दिया है। धन्य है जन सेवा दल के सदस्य जो इनका ध्यान रख रहें हैं। जरूरतमंद का इलाज करवाते हैं, आप्रेशन करवाते हैं दवा एवं सेवा का प्रबन्ध कर अपना धर्म मानते हैं। इस अवसर पर समिति की तरफ से उषा गुप्ता व कमलेश अरोड़ा, जन सेवा दल के पदाधिकारी कमल गुलाटी,चमन गुलाटी, सुभाष ढींगड़ा, इस भवन के दानकर्ता राजेन्द्र जैन भी उपस्थित थे।

---

# एसीबी ने शुरू की पानीपत नगर निगम के घोटाले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने लोकायुक्त को अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पानीपत नगर निगम की प्रॉपर्टी टैक्स शाखा में हुए साढ़े चार करोड़ रुपये के घोटाले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल ने शुरू कर दी है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने अभी अपनी रिपोर्ट लोकायुक्त को पेश नहीं की है। लोकायुक्त ने डीजीपी हरियाणा व शहरी निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को नोटिस भेज कर मामले के रिपोर्ट तलब की थी। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को लोकायुक्त करेंगे। शिकायतकर्ता का.पीपी कपूर ने लोकायुक्त को सबूतों सहित शिकायत भेज कर नगर निगम की प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच में 4.50 करोड़ से ज्यादा के फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए इसकी एंटी करप्शन ब्यूरो से जांच कराने की मांग की थी। आरोप लगाया था कि प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच में नियुक्त कई कर्मचारियों ने हेरा फेरी, जालसाजी करके अवैध कालोनियों में स्थित सैकड़ों संपतियों को वैध एरिया में दिखाते हुए प्रॉपर्टी आईडी बना कर व बड़े बड़े प्रॉपर्टी टैक्स को घटा कर सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया है। निगम आयुक्त पंकज यादव द्वारा करवाई गई जांच में घोटाला होने के सबूत मिलने के बाद निगम के संयुक्त आयुक्त द्वारा एसएचओ सिटी कुलदीप सिंह को लिखित शिकायत देने के बावजूद एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई,मामले को दबाने का प्रयास किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लोकायुक्त को बताया कि डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स से मामले की जांच कराई गई थी।

**शिकायत को वहीं भिजवाया**

*नगर निगम से रिकॉर्ड लेने के लिए पत्राचार किया गया तो निगम के संयुक्त आयुक्त 1 व अन्य कर्मचारियों ने बताया कि मामले की जांच एंटी करप्शन ब्यूरो कर रहा है। इसलिए शिकायत को वहीं भिजवा दिया गया है।*

---

# नागरिक अपना आचरण सद्भावी बनाएं : डॉ. आर्चिका



पानीपत। आध्यात्मिक संगोष्ठी में भाग लेते साधक। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा सोमनाथ धाम आश्रम, गांव निम्बरी में आध्यात्मिक बैठक एवं सत्संग का आयोजन किया गया। वहीं, डा. अर्चिका दीदी ने अपने रिकॉर्डेड सत्संग में कहा कि संस्कारवान बनना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि माता-पिता, समाज और आस-पास के लोगों के साथ हमारा आचरण कैसा होना चाहिए। उन्होंने मानव कल्याण में जीवन को समर्पित करने, सभी के प्रति मैत्री भाव रखने तथा रिश्तों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। वहीं सुधांशु महाराज ने अपनी वाणी में वाणी की शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि न तो किसी को ताना देना चाहिए और न ही निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव मीठा और सत्य वचन बोलना चाहिए। विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल के महामंत्री गिरिश अरोड़ा, भीम दुडेजा, आरएन रावल, डा. जगजीत आहूजा, इंदर चुघ, सुभाष सोनी, रमेश आर्य, रमेश ढींगड़ा, राजेश सेठी, वीना चुघ, कांता छाबड़ा, गणेश ठाकुर एवं जगदीश खुराना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

# खो-खो में हरियाणा का चैंपियन बना पानीपत

- पुरुष वर्ग में टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं, महिला टीम द्वितीय स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।



पानीपत। की हरियाणा चैंपियन बनी खो खो टीमें अतिथियों के साथ।

हरियाणा के झज्जर में आयोजित 45वीं सीनियर हरियाणा राज्य खो-खो चैंपियनशिप में पानीपत जिले के मनाना गांव के खिलाड़ियों ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में टीम ने जहां प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं, महिला टीम द्वितीय स्थान पर रही। स्मरणीय है कि हरियाणा राज्य खो-खो संघ के देखरेख में यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता झज्जर के किट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित की गई थी। इधर, चैंपियनशिप में परचम लहराने वाले सभी खिलाड़ियों का गांव मनाना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला खो-खो संघ के महासचिव रविंद्र सैनी, जिला प्रधान नवीन सैनी, स्कूल प्राचार्या सरिता देवी, डीपी वीरेंद्र, मुकेश, सविता, शशी, दिनेश और महेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वहीं, उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

---

# राज्य युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

जिला सचिवालय उपायुक्त कार्यालय में सोमवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने राज्य युवा महोत्सव में लोक संगीत वाद्ययंत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दीं। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि राज्य युवा महोत्सव जैसे मंच युवाओं की छिपी प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोडऩे का सशक्त माध्यम हैं। हमारे युवाओं ने लोक संगीत व कला के क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी भी स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर आईआईटी प्राचार्य डॉ कृष्ण, निरीक्षक राजेंद्र, इंस्ट्रक्टर कुलबीर, जीआई रविंदर व प्रोमिला आदि उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

सुशील तलुजा धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री तिलक राज तलुजा निवासी मकान नम्बर 365-एल, माडल टाउन पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सुशील तलुजा धर्नपत्नी स्वर्गीय श्री तिलक राज तलुजा निवासी मकान नम्बर 365-एल, माडल टाउन पानीपत ने एक दस्तावेज को विक्रय पत्र/ट्रांसफर पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है।
प्रार्थी के द्वारा अपने शपथपत्र मे निम्न वारिस/उतराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हल्का तथा नम्बरदार द्वारा भी अपनी रिर्पोट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है। यह कि प्रार्थी के पति श्री तिलक राज तलुजा सुपुत्र श्री गोविन्द लाल तलुजा की मृत्यु दिनांक 28/12/2013 को हो चुकी है व प्रार्थी की सास श्रीमति माया देवी धर्मपत्नी श्री गोबिन्द लाल तलुजा को मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि प्रार्थी के पति श्री तिलक राज तलुजा सुपुत्र श्री गोबिन्द लाल तलुजा की मृत्यु उपरान्त निम्नलिखित जायज वारिस है:- 1-सुशील तलुजा (पत्नी) व 2 मोनिका 3 शालिनी 4. सोनिया सुपुत्रीयान स्वर्गीय श्री तिलक राज तलुजा सुपुत्र श्री गोबिन्द लाल तलुजा है। उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई वारिस ना है। जिसके सम्बध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसा के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
वह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

## खबर संक्षेप

### भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: असीम गोयल



**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी में बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। इस सिद्धांत को एक बार फिर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ने साकार कर दिखाया है। भाजपा द्वारा नितिन नबीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने यह बात कही। गोयल ने नितिन नबीन के राजनीतिक सफर का उल्लेख करते कहा कि उनका संघर्ष और समर्पण पार्टी की कार्यकर्ता-प्रधान संस्कृति का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने बताया कि नितिन नबीन ने अपनी राजनीति की शुरुआत बूथ स्तर से की और इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभाई। वे पांच बार विधायक चुने गए, दो बार मंत्री रहे तथा दो अलग-अलग राज्यों में प्रभारी और सह-प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

### चूरापोस्त और ट्राला सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर से नशा तस्करी मामले में सीआईए-1 ने आरोपी बलकार सिंह को 139 किलो 960 ग्राम डोडा चूरापोस्त व ट्राला सहित गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को सात दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरान्त पुलिस दल ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। ट्रॉला से 139 किलो 960 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया।

### अवैध देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा क्षेत्र के गांव दादूपुर से पुलिस ने अवैध शराब तस्करी मामले में आरोपी राजबीर को 12 बोतल अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर कब्जे से 12 बोतल शराब जब्त की गई।

### विदेश भेजने का झांसा देकर सवा सात लाख की ठगी

**जींद।** पुलिस ने गांव निम्नाबाद के एक व्यक्ति को विदेश भेजने का झांसा देकर असंध के दो लोगों द्वारा सवा सात लाख रुपये की राशि ठगने पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अहमदाबाद निवासी अर्शदीप सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है।

### नशा तस्कर से 10.8 ग्राम हेरोइन बरामद

**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस द्वारा खरकां क्षेत्र से नाकाबंदी दौरान एक नशा तस्कर को काबू कर लिया गया, जिसके कब्जे से 10.8 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई संजय कुमार की टीम गश्त दौरान खरकां क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की खरकां निवासी गांव मे किरयाणे की दुकान चलाता है।

---

### कांग्रेसी सदस्य ने दी चुनौती, 21 जनवरी को होगी सुनवाई

# निगम चुनाव: एडहॉक कमेटी को लेकर डीसी-नगर निगम कमिश्नर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कमेटी के पांच सदस्यों को भी जारी किया नोटिस**

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नगर निगम चुनाव को लेकर गठित एडहॉक कमेटी को लेकर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस के निगम सदस्य एडवोकेट मिथुन वर्मा की ओर से इस सिलसिले में एक याचिका दायर की गई है। पूरे मामले को लेकर एडवोकेट मिथुन वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा नगर निगम चुनाव को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि भाजपा चुनाव चोरी कैसे करती है ये उन्होंने पकड़ लिया है। वर्मा ने बताया कि निगम चुनाव के लिए वार्डबंदी की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके लिए पहले एक एडहॉक कमेटी बनाई गई। उस कमेटी में 3 भाजपा के सदस्यों व और 1 भाजपा का जिला अध्यक्ष, 1 भाजपा के हारे हुए विधायक का भाई व भाजपा की मेयर को सदस्य बनाया गया। । ये सब प्रक्रिया चुपचाप हो रही थी। उन्होंने बताया कि जब इसकी जानकारी उन्हें लगी तो वे तुरंत हरकत में आ गए। इसी शिकायत चुनाव आयोग , मुख्य चुनाव आयोग, शहरी स्थानीय निकाय सभी जगह की गई। उन्होंने बताया कि भाजपा उपायुक्त पर दबाव बना कर हरियाणा म्युनिसिपल डेलिमिटेशन एंड रिजर्वेशन ऑफ वॉर्ड्स रूल्स 1994 का सीधा सीधा उल्लंघन कर रहे थी। रूल 4(2) के मुताबिक उपरोक्त एडहॉक कमेटी में केवल निगम सदस्य ही सदस्य बन सकते है लेकिन भाजपा का जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक का भाई निगम सदस्य नहीं होते हुए भी एडहॉक कमेटी का सदस्य बना दिए गए। वर्मा ने बताया कि शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने उस कमेटी को भंग कर दिया था। जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक के भाई को एडहॉक कमेटी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते एडवोकेट मिथुन वर्मा व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### कांग्रेस के किसी सदस्य को जगह नहीं मिली

वर्मा ने बताया कि इसके बाद चुनाव के लिए गठित नई एडहॉक कमेटी में फिर सभी भाजपा के सदस्य शामिल कर दिए गए जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के किसी सदस्य को इनमें जगह नहीं मिली। जबकि शहर में अपने हिसाब से वार्डबंदी कर वार्डों को एससी-बीसी , महिला, जनरल रिजर्व करने के लिए उस एडहॉक कमेटी की मीटिंग भी तय कर दी गई।

#### भाजपा के पांचों सदस्यों को भी पार्टी बनाया

परिवादी का आरोप है कि भाजपा ने फिर दोबारा से रूल 4 (2) का उल्लंघन किया क्योंकि रूल 4 (2) में साफ साफ लिखा है कि कमेटी में निगम सदस्य होने चाहिए जो अलग अलग दलों से होने चाहिए। इस कमेटी में केवल भाजपा सदस्यों को लेना ओर अन्य दलों के सदस्यों को न लेना रूल 4 (2) का साफ साफ उलंघन है। नई कमेटी में एससी से, जनरल कैटेगरी से और महिला सदस्य को तो ले लिया लेकिन बीसी से किसी भी सदस्यों को कमेटी में शामिल नहीं किया गया। यह भी सामाजिक न्याय व रूल 4 (2) का सीधे तौर पर उलंघन किया है। वर्मा ने बताया कि जब उन्हें इस एडहॉक कमेटी का पता चला तो तुरंत एक रिप्रेजेंटेशन दोबारा चुनाव आयोग हरियाणा, मुख्य चुनाव आयोग शहरी स्थानीय निकाय को भेजा गया। इस बार उनकी शिकायत पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया। तब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का निर्णय लिया। इस याचिका में डीसी, नगर निगम कमिश्नर, व कमेटी में शामिल भाजपा के पांचों सदस्यों को भी पार्टी बनाया गया। वर्मा ने बताया कि अब हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए डीसी, , निगम कमिश्नर, कमेटी में शामिल निगम सदस्य राजेश मेहता, हितेश जैन, मीना ढींगरा, मोनिका मल, अर्चना छिब्बर को नोटिस जारी किया है। अब याचिका पर 21 जनवरी 2026 को सुनवाई होगी।

---


**बराड़ा।** कार्यक्रम में उपस्थित स्टूडेंट्स। *फोटो: हरिभूमि*

## 25 स्कूलों के छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

- सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा संचालित किया जा रहा है नशा निवारण जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

अंतरराष्ट्रीय संस्था सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा संचालित नशा-निवारण जागरूकता अभियान के अंतर्गत खंड के विभिन्न गांवों थंबड़, होली, अधोया, अधोई, दहिया माजरा, अकालगढ़, तल्हेड़ी, बुडियों सहित आसपास के क्षेत्रों के लगभग 25 विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रभारियों की अध्यक्षता में करीब 4500 विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर लक्ष्य निर्धारित करने तथा शिक्षा को गंभीरता से ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों के दौरान सेवा ट्रस्ट यूके के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर, डॉ. बलवंत सिंह एवं ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक क्षमता को भी कमजोर कर देता है।

#### आभार जताया

बताया कि नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति का अमूल्य जीवन समय से पहले ही समाप्त हो सकता है। नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर करने के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है। इसलिए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ अपने भविष्य का निर्माण करना चाहिए। इस सराहनीय अभियान के लिए ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा, मॉडर्न वमावि के प्रधानाचार्य गेमल दहिया, विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा, भारती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वीटी चौहान, गुरुकुल अधोई के उप-प्रधानाचार्य बलराम सिंह आर्य, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अमित रोहिला सहित सभी विद्यालय प्रभारियों ने सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल एवं ट्रस्ट के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकों एवं शिक्षकों ने साहा में निर्माणाधीन सेवा धाम आश्रम (बहुउद्देशीय सेवा गृह) के कार्य में सहयोग की कामना करते आमजन से भी बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की।

---

## 120 बच्चों को गर्म जैकेट वितरित

- श्री शिर्डी साईं शक्ति धाम फाउंडेशन ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अंबाला।** साईं नाथ महाराज की असीम कृपा और स्वामी श्री सत्यानंद महाराज के पावन आशीर्वाद से श्री शिर्डी सांई शक्ति धाम फाउंडेशन द्वारा सेवा और मानवता की भावना को आगे बढ़ाते इस वर्ष भी शरद ऋतु के आगमन पर जरूरतमंद बच्चों को गर्म जैकेटों का वितरण किया गया। यह पुनीत सेवा कार्य संस्था के विकास पुरी स्थित प्रांगण में श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। इसमें 120 बच्चों को जैकेटें प्रदान की गईं। उल्लेखनीय है कि यह सेवा कार्य पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी निरंतरता के साथ किया गया जिससे यह स्पष्ट होता है कि सांई सेवा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत संकल्प है। जब स्वामी श्री सत्यानंद जी महाराज की आयु 89 वर्ष हो चुकी है।


**अंबाला।** बच्चों को जैकेटें बांटते संस्था के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### मानवता की सेवा के मार्ग पर सदैव अग्रसर रखें

संस्था का उद्देश्य केवल भौतिक सहायता तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में सेवा, समानता और करुणा की भावना को सशक्त करना है। यह सेवा कार्य साई बाबा की उस शिक्षा का प्रतीक है कि भूखे को भोजन और ठिठुरते को वस्त्र देना ही सच्ची पूजा है साई बाबा जी से प्रार्थना है कि वे स्वामी श्री सत्यानंद जी महाराज को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर सेवा की शक्ति प्रदान करें तथा हम सभी को मानवता की सेवा के मार्ग पर सदैव अग्रसर रखें।

---

## गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

- प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में खंड स्तरीय राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए गणित प्रदर्शनी तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की । इन प्रतियोगिताओं में खंड के अंतर्गत आने वाले 12 संकुल केंद्रों के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। खंड स्तरीय गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला ने प्रथम स्थान, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में संकुल एवं विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में समस्त आयोजन समिति का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिताओं के संचालन में अंकुर कुमार, चेष्टा लांबा तथा शिक्षिका रुचिका का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी एवं स्वयंसेवकों ने अनुशासन बनाए रखने तथा जलपान एवं भोजन व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार द्वारा विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



**बराड़ा।** प्रतियोगिता में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे विजेता

गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बराड़ा, राजकीय वमावि तंदवाल, राजकीय वमावि सरधहेडी, राजकीय उच्च विद्यालय मनूमाजरा तथा राजकीय वमावि मनका-मनकी ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बराड़ा ने पहला, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला ने दूसरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलियाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

## विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में सोमवार को वार्षिक उत्सव के साथ-साथ केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों की उपस्थिति से खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र शरदचंद्र गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त विज्ञान शिक्षिका सतवंती ग्रोवर उपस्थित रहीं। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 के प्राचार्य अजीत यादव, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 3 के प्राचार्य अमित अरोड़ा तथा केंद्रीय स्कूल नंबर 4 के प्राचार्य अमन गुप्ता एवं अंबाला सिविल अस्पताल से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जोगिंदर सिंह कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



**अंबाला।** वार्षिक उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। *फोटो: हरिभूमि*

#### उज्ज्वल भविष्य की कामना की

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा। समारोह का समापन मनीष सेमवाल उपप्राचार्य के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा हुआ। विद्यालय परिवार ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### अभिभावकों ने भरपूर सराहा

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं स्वागत भाषण से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, उपस्थित अभिभावकों तथा सभी आगंतुकों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन की गौरवशाली परंपरा एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रमों में समूह नृत्य, गिद्दा, हरियाणवी लोकनृत्य, उत्तराखंडी लोकनृत्य, हरियाणवी इंस्ट्रूमेंटल आर्केस्ट्रा सहित अनेक आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने भारतीय लोक-संस्कृति की विविधता को सुंदर रूप में मंच पर साकार किया, जिसे उपस्थित दर्शकों एवं अभिभावकों ने भरपूर सराहा।

---

## बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ बिजली कर्मचारी गरजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

केंद्रीय परिषद संबंधित एचइसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा एसीएस पॉवर बिजली विभाग को दिए गए नोटिस के अनुसार ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलसी के विरोध में सब यूनिट में दूसरे दिन भी दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बलिंद्र ने की। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन में सभी बिजली कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कर्मचारियों ने कहा कि व्यवहारिक नही है क्योंकि अगर पॉलिसी को यूनियन द्वारा बताए सुझावों के बिना लागू किया जाता है तो दुर्घटनाएं बढ़ जाएंगी।


**शहजादपुर।** प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### मजबूरी में संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर

कर्मचारियों ने कहा कि यही कारण है कि यूनियन को मजबूरी में संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इस ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द नहीं किया जाता है तो केंद्रीय परिषद के आह्वान पर यह प्रदर्शन दो घंटे की बजाए पूरा दिन भी करना पड़ा तो कोई भी कर्मचारी पीछे नही हटेगा और अगर इस दौरान किसी भी तरह की अशांति फैलती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रशासन और सरकार की होगी।

---

## पुलिस के जवानों ने आश्रम में वृद्धों को बांटा जरूरत का सामान

समय-समय पर चलाए जा रहे अभियान की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

पुलिस ने गांव बहलोली में स्थित आचार्य श्री विद्यासागर मोक्ष वृद्धाआश्रम में 44 वृद्ध महिला व पुरूषों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई । ऑप्रेशन हॉटस्पाट डोमिनेशन के तहत पुलिस चौकी पटवी प्रभारी एसआई भंवर सिंह व पुलिस टीम ने गांव बहलोली में स्थित आचार्य श्री विद्यासागर मोक्ष वृद्धाआश्रम-महिला आश्रम में 44 वृद्ध महिला/पुरूषों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई। पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण देते हुए जरूरतमंदों वृद्ध महिला व पुरूषों की मदद के लिए आगे कदम बढ़ाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस का कार्य केवल कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं बल्कि समाज के कमजोर वर्गो की पीड़ा को समझते उनकी हर संभव सहायता करना भी है। ऐसे में पुलिस द्वारा समय समय पर चलाए जा रहे इस तरह के सेवा अभियान उन तक राहत पहुचांने का एक सराहनीय प्रयास है। जरूरतमंदों ने पुलिस इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।



**शहजादपुर।** वृद्धाआश्रम में लोगों को सामग्री बांटती पुलिस। *फोटो: हरिभूमि*

#### आभार व्यक्त किया

पुलिस ने वृद्धाआश्रम-महिला आश्रम में टूथब्रश, टूथपेस्ट, नहाने का साबुन, कपड़ा धोने का साबुन, डाबर आंवला तेल, नारियल तेल, शैंपू, नमकीन, बिस्किट, रस, धूपबत्ती, नेपकिन, मूंगफली, चाय व पानी के डिस्पोजल गिलास, आचार, उजाला व अन्य खाद्य सामग्री। वृद्धाआश्रम-महिला आश्रम में पुरूषों और महिलाओं ने पुलिस विभाग का उनकी इस मदद का दिल से आभार प्रकट किया।

---

### प्रदेश में युवाओं के लिए विमानन प्रशिक्षण अवसंरचना विकसित करने पर दिया जोर

# डोमेस्टिक एयरपोर्ट से जल्द उड़ान प्रारंभ करने का किया आग्रह

नागरिक उड्डयन मंत्री से राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू से मुलाकात कर सिविल एन्क्लेव एयरपोर्ट के शीघ्र संचालन और विमानन प्रशिक्षण अवसंरचना के विकास का विषय प्रमुखता से उठाया। चर्चा के दौरान कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि देश के सबसे पुराने हवाई अड्डों में से एक होने के बावजूद अंबाला में अब तक आरसीएस-उड़ान योजना के तहत व्यवसायिक उड़ान सेवाएं शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में स्वीकृत यह परियोजना कई महत्वपूर्ण चरण पूरे कर चुकी है। इसमें रक्षा मंत्रालय द्वारा रूपए 133 करोड़ मूल्य की भूमि का हस्तांतरण और अक्तूबर 2023 में प्रदेश सरकार द्वारा शिलान्यास शामिल है। सांसद ने जोर दिया कि अंबाला एयरपोर्ट के संचालन से अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल सहित आसपास के जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही यह हवाई अड्डा प्रतिकूल मौसम की स्थिति में चंडीगढ़ एयरपोर्ट के लिए एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के साथ-साथ कार्तिकेय शर्मा ने प्रदेश के युवाओं के लिए विमानन कौशल और पायलट प्रशिक्षण के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कालका-पिंजौर क्षेत्र में पायलट प्रशिक्षण और फ्लाइंग स्कूल हब विकसित करने तथा हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल एविएशन के विस्तार का प्रस्ताव रखा।


**अंबाला।** नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

#### विचार करने का आश्वासन दिया

नागरिक उड्डयन मंत्री ने उठाए गए विषयों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते अंबाला एयरपोर्ट परियोजना की स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने क्षेत्रीय हवाई अड्डों के महत्व को स्वीकार करते हुए पिंजौर क्षेत्र में पायलट प्रशिक्षण और फ्लाइंग स्कूल से जुड़ी प्रस्तावनाओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। मंत्री की प्रतिक्रिया का स्वागत करते हुए कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि इस तरह की सार्थक और केंद्रित चर्चाएं लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में सहायक होती हैं। उन्होंने अंबाला और आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास, रोजगार सृजन और अवसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। नागरिक उड्डयन मंत्री ने उठाए गए विषयों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए अंबाला एयरपोर्ट परियोजना की स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने क्षेत्रीय हवाई अड्डों के महत्व को स्वीकार करते हुए पिंजौर क्षेत्र में पायलट प्रशिक्षण और फ्लाइंग स्कूल से जुड़ी प्रस्तावनाओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।